# कार्यालय नगरपालिका परिषद, बहराइच।

पत्रांक– 210 / पं0दी0द0उ0आ0न0पं0योजना / नि0का0 / ई–टेण्डर / 2023–24 दिनांक07 जुलाई, 2023

## पुनः अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में नगरपालिका परिषद, बहराइच की स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निम्नलिखित 13 निर्माण कार्यो हेतु पुनः अल्पकालिक आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.07.2023 .को अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 18.07.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2022–23 / 2023–24 में समस्त विभागों मे पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। प्रत्येक कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य अलग–अलग कार्यवार आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से नगरपालिका परिषद बहराइच के भारतीय स्टैट बैंक ए0डी0बी0 बहराइच में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत बहराइच के नाम से संचालित बचत खाता संख्या– 40885772028 IFS code SBIN0005977 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों ( जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हैंसियत / चरित्र प्रमाण पत्र / पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड को दिनांक 18.07.2023 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि / जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत् है–

| क0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित | वी0क्यू0 की धनराशि 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित | 10 % धरोहर / जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | जी0एस0टी0 18 % | ई–टेण्डरिंग शुल्क | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | दरगाह रोड पर सिद्दीकी क्लीनिक से अब्दुल्ला मेडिकल स्टोर तक साइड पटरी का निर्माण कार्य। | 18.28 | 1828426.13 | 182800.00 | 1850.00 | 333.00 | 250.00 | 2433.00 | 03 माह |
| 2 | मो0–नौरैय्या में मौलाना समसुद्दीन से वसीम के मकान तक नाली एवं इन्टर लाकिंग का कार्य। | 12.82 | 1281723.44 | 128200.00 | 1300.00 | 234.00 | 250.00 | 1784.00 | 03 माह |
| 3 | मो0–नौरैय्या में नूरूद्दीन के मकान से डामर रोड पर अलीहुसैन के मकान तक नाली एवं इन्टर लाकिंग का कार्य। | 13.90 | 1389838.59 | 139000.00 | 1400.00 | 252.00 | 250.00 | 1902.00 | 03 माह |
| 4 | मो0–कानूनगोपुरा दक्षिणी में मोहम्मद मियां के मकान से पुलिया के पास जिलेदार के मकान तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 10.99 | 1099026.77 | 109900.00 | 1100.00 | 198.00 | 250.00 | 1548.00 | 02 माह |
| 5 | मो0–बड़ीहाट में श्री लक्ष्मण के मकान से अतीक के मकान होते हुए सतेन्द्र जैन के मकान तक इन्टरलाकिंग का कार्य। | 11.15 | 1114565.78 | 111500.00 | 1150.00 | 207.00 | 250.00 | 1607.00 | 03 माह |
| 6 | मो0–हुजूरपुर रोड पर कटी चौराहा पर बच्चाराम होटल से हनुमान प्रसाद तक नाली व इण्टरलाकिंग व साइड पटरी निर्माण का कार्य एवं विनोद सिंह के मकान से रामचन्द्र के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 11.19 | 1118575.89 | 111900.00 | 1150.00 | 207.00 | 250.00 | 1607.00 | 03 माह |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | मो0–गुदड़ी में मुख्य मार्ग पर प्रयाग स्कूल के बगल से भास्कर मन्दिर के बगल मुख्य मार्ग तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 15.59 | 1559019.64 | 155900.00 | 1600.00 | 288.00 | 250.00 | 2138.00 | 03 माह |
| 8 | मो0–सूफीपुरा में कटी चौराहा से गांवट मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क का कार्य। | 12.94 | 1294106.66 | 129400.00 | 1300.00 | 234.00 | 250.00 | 1784.00 | 03 माह |
| 9 | मो0–नौवागढ़ी में श्रीमती पुष्पा पाण्डेय के मकान से कैलाश सीमेन्ट ट्रेडर्स तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य एवं मुख्य मार्ग पर श्रावस्ती ट्रैक्टर्स तक गहरी नाली निर्माण का कार्य। | 18.51 | 1850969.45 | 185100.00 | 1900.00 | 342.00 | 250.00 | 2492.00 | 03 माह |
| 10 | मो0–बशीरगंज उ0 में इदरीश के मकान से फजलहक व पुत्तीलाल के मकान होते हुए सिकन्दर के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 17.29 | 1729315.42 | 172900.00 | 1750.00 | 315.00 | 250.00 | 2315.00 | 03 माह |
| 11 | मो0–कानूनगोपुरा उत्तरी में आदित्य तिवारी के मकान से विनोद कुमार पाण्डेय के मकान होते हुए रामसागर के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 16.44 | 1644420.87 | 164400.00 | 1650.00 | 297.00 | 250.00 | 2197.00 | 03 माह |
| 12 | मो0–सूफीपुरा पटेलनगर में श्री नवीन झा के मकान से श्यामा सदन होते हुए डॉ0 पवन वर्मा के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य और मुख्य मार्ग तक नाली निर्माण का कार्य। | 14.14 | 1414017.06 | 141400.00 | 1450.00 | 261.00 | 250.00 | 1961.00 | 03 माह |
| 13 | मो0–सूफीपुरा में श्री मदन कनौजिया के मकान से उर्मिला देवी श्री संजीव श्रीवास्तव के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 11.53 | 1152610.99 | 115300.00 | 1200.00 | 216.00 | 250.00 | 1666.00 | 03 माह |

नियम व शर्तें–

1– ई–निविदादाता द्वारा प्रत्येक कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य की धनराशि को कार्यवार अलग–अलग नगरपालिका परिषद, बहराइच के भारतीय स्टैट बैंक ए0डी0बी0 बहराइच में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत बहराइच के नाम से संचालित बचत खाता संख्या– 40885772028 IFS code SBIN0005977 में RTGS / NEFT के माध्यम से जमा करके जमा रसीद /यू0टी0आर नम्बर ई–निविदा पोर्टल पर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।

2– ई–निविदा दाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैंसियत प्रमाण पत्र व जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (जो निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो) एंव निर्माण कार्यो हेतु किसी भी विभाग में फर्म के पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, पैन कार्ड, श्रम विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र तथा रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र ई–टेण्डर पोर्टल पर स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा मूल शपथ पत्र एंव आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट की मूल जमा रसीद कार्यालय में जमा करना होगा।

3– समस्त निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ही स्वीकार की जायेंगी, अन्य किसी माध्यम से कोई भी निविदा स्वीकार नही होगी।

4– निविदादाता द्वारा 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य की धनराशि को अपने स्वयं के बैंक खाते से ही पालिका के उक्त वर्णित बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। अन्य किसी के बैंक खाते से जमा की गयी धनराशि मान्य नही होगी।

5– ठेकेदार/फर्म का जी0एस0टी0 में एव श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।

6– प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूनतम निविदादाता ( नगरपालिका परिषद बहराइच के पंजीकृत ठेकेदार /फर्म को छोडकर) को अनुबन्ध से पूर्व नगरपालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

7– स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व प्रयुक्त निर्माण सामग्रियों की जांच ठेकेदार को अपने खर्च पर स्वयं करानी होगी।

8– स्वीकृत आगणन में 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 सम्मिलित है किन्तु जी0एस0टी0 की दरों में वृद्धि उपरान्त 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

9 – सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

10– निविदा की विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

11– किसी भी पंजीकृत ठेकेदार का ठेका स्वीकृत होने /कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात यदि कभी भी संज्ञान में आता है कि सम्बंधित किसी भी अभिलेख (प्रमाण पत्रों )/नियम के अनुसार ठेका पाने के लिए अनर्ह था अथवा सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामजिक कार्यो एंव संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो ऐसी दशा में प्रदान किया गया अनुबन्ध/ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

12– नगरपालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को छोडकर निविदा में भाग लेने वाले अन्य विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मो को निर्माण कार्यो के सम्बंध में पर्याप्त अनुभव प्रमाण पत्र भी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

13– स्थलीय सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो सम्बधित ठेकेदार/फर्म द्वारा तत्काल कार्य को मानक के अनुरूप निर्देशानुसार तत्काल ठीक कराना होगा अन्यथा कराये गये कार्य का कोई भी भुगतान नही किया जायेगा।

14– प्राप्त किसी भी ई–निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। इस सम्बंध मे किसी भी ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नही होगा। निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

15– समस्त निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत आगणन के अनुसार ही स्थल पर मानक के अनुरूप गुणवत्ता परक कार्य निविदादाता को कराना होगा।

16– इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एंव तकनीकी त्रुटि के कारण टूट–फूट होती है तो निर्माण कार्यो के पूर्णतः की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रखरखाव ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।

17– स्वीकृत कार्यो को अनुमोदित आगणन की धनराशि पर ही पूर्ण कराया जायेगा।

18– कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था एंव कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

19– स्थल पर कार्य के प्रगति पर होने अथवा पूर्ण होने के उपरान्त शासन द्वारा अनुदान की उपलब्धता के आधार पर एंव उपयोगिता अवधि बढाये जाने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

20– उक्त समस्त कार्यो का निरीक्षण त्रैमासिक आधार पर जिलाधिकारी द्वारा गठित तकनीकी टीम के द्वारा किया जायेगा। तकनीकी टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही प्रस्तावित कार्ययोजना के लिए स्वीकृत धनराशि की दूसरी किश्त शासन द्वारा अवमुक्त की जायेगी। तत्पश्चात कार्यो के बिलों का भुगतान किया जायेगा।

21– तकनीकी बिड में अर्ह पायी गयी निविदाओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोली जायेंगी।

22– उपरोक्त समस्त शर्तो का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

23– यदि उक्त तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

Sudha devi

**( बाल मुकुन्द मिश्र )**
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

**( सुधा देवी )**
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

पृ0सं0 व दिनांक– उपरोक्त

प्रतिलिपि–

1– जिलाधिकारी महोदय बहराइच को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच को सूचनार्थ प्रेषित।

3– नगरपालिका परिषद, बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**बहराइच।**